|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.

Year- 17 Issue- 51
Ghaziabad, Sunday, 10 May- 2026

17 May to 23 May- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code: 101473
Editor: Manisha Bhargava
Mob.: 9871895198
Rate.: 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 8



# आरएचएएम फाउंडेशन ने शनि अमावस्या व शनि जयंती पर हजारों लोगों को जूस व खाद्य सामग्री वितरित किए

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** शनि अमावस्या एवं शनि जयंती के पावन अवसर पर समाज सेवा और मानवता को समर्पित विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और आरएचएएम फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से गन्ने का ताजा जूस, बिस्किट और ब्रेड पकोड़ों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 लोगों को शुद्ध एवं ताजा गन्ने का जूस वितरित किया गया। इसके साथ ही करीब 300 ब्रेड पकोड़े और 1000 बिस्किट वितरित कर जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई गई। इस सेवा पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को सहयोग प्रदान करना तथा सेवा, करुणा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव, श्रीमती मनीषा भार्गव, डॉ. प्रीति नंदी, श्रीमती कोमल भार्गव, रोटेरियन संजय जैन, रोटेरियन योगेश गर्ग, रोटेरियन रेखा गर्ग, रोटेरियन संदीप अग्रवाल, रोटेरियन श्वेता अग्रवाल, रोटेरियन राजेश गोयल, अजय चौधरी एवं रवि भटनागर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।









आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर द्वारा प्रतिवर्ष 10 से 15 सेवा और भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों तक लगातार सहायता पहुंचाई जाती है। यह आयोजन भी उसी सेवा श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। संस्था ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# जीडीए की 172वीं बोर्ड: 200 हेक्टेयर में विकसित होगी एरोसिटी, 2813 करोड़ भूमि विकास को मंजूरी

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** शहर के दीर्घकालिक एवं सुनियोजित विकास की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 172वीं बोर्ड बैठक गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने की।

बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, वित्त नियंत्रक ए.के. वाजपेई, सचिव विवेक कुमार मिश्रा सहित बोर्ड सदस्य पवन गोयल, केशव त्यागी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर के समग्र विकास से जुड़े 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, एरोसिटी परियोजना, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हरनंदीपुरम आवासीय



योजना, एकीकृत नगर विकास योजनाएं, भू-उपयोग परिवर्तन, समूह आवास विकास तथा मॉडल क्षेत्र नियोजन विनियम-2025 जैसे विषय शामिल रहे। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के निकट प्रस्तावित एरोसिटी एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परियोजना को लेकर रहा। बोर्ड ने ग्राम मोरटा, अटौर तथा मेवला अगरी क्षेत्र की लगभग 200.2515 हेक्टेयर भूमि पर सुनियोजित एरोसिटी विकसित किए जाने को मंजूरी दी। इस परियोजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए भूमि समेकन, आपसी सहमति से भूमि क्रय तथा अधिनियम के माध्यम से भूमि अर्जन के तीन मॉडल स्वीकृत किए गए। परियोजना के लिए लगभग 2813 करोड़ रुपये के वित्तीय अनुमोदन को भी मंजूरी दी गई। प्राधिकरण के अनुसार एरोसिटी परियोजना गाजियाबाद के भविष्य की परिवर्तनकारी योजना साबित होगी। इसके अंतर्गत आधुनिक आवासीय सेक्टर, कॉर्पोरेट एवं वाणिज्यिक क्षेत्र, होटल, सम्मेलन केंद्र, विश्वस्तरीय सड़क नेटवर्क, खेल अवसंरचना, मनोरंजन क्षेत्र तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होने के साथ रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और जीडीए के संयुक्त उपक्रम मॉडल के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। परियोजना में दोनों संस्थाओं की समान भागीदारी निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत भूमि विकास, निर्माण एवं संचालन कार्य संयुक्त रूप से किए जाएंगे। प्रस्तावित स्टेडियम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करने में सक्षम होगा और गाजियाबाद को वैश्विक खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

# Editorial

## Wholesale Inflation

In the month of April, the wholesale inflation rate surged to 8.30 percent, up from 3.88 percent in March. This marks the highest level of inflation recorded in the last 42 months. Experts believe that the inflation rate for May could potentially cross the 9 percent mark. According to the upper limit for inflation set by the Reserve Bank of India, the rate is expected to remain below 6 percent; however, current projections suggest it could now range between 9 and 10 percent. Undoubtedly, the economy will be adversely affected. Financial, fiscal, and current account deficits are likely to widen. For the average consumer, the burden of EMIs and interest rates will increase. For a country whose leaders—including Chief Ministers, Union Ministers, and Governors—are seen riding bicycles, Royal Enfields, e-rickshaws, or trains—thereby making a 'mockery' of the nation's economic crisis and disrespecting the Prime Minister's appeal—inflation appears to be a non-issue; yet, for the common man, it is a matter of survival. Leaders must desist from such 'theatrics,' as their antics will do nothing to resolve the crisis. If security is truly not a sensitive concern and the crisis is indeed dire, then the ministers should simply walk on foot. These spectacles are utterly ludicrous. Even the Prime Minister's economic advisors do not view this situation as a cause for alarm or grave concern. Nevertheless, this inflationary surge is not solely a consequence of the conflict in Iran. While rising crude oil prices are undoubtedly a significant contributing factor, there are other underlying anomalies that have driven the wholesale inflation rate to such heights. If the situation regarding wholesale inflation is this grim, it is inevitable that retail inflation, too, will eventually breach its prescribed limits and spiral upward. Consequently, it is the common man who will ultimately bear the financial brunt. More than 90 percent of the country's workforce operates within the unorganized sector. This demographic comprises laborers, farmers, daily-wage earners, workers on temporary contracts, and countless child laborers, among others. For a demographic that earns an average monthly income of merely ₹10,000 to ₹12,000, how is it possible to afford a domestic LPG cylinder priced at ₹3,000 to ₹3,500? Cylinders are being sold rampantly in the black market at precisely these rates. Can the 'black market' truly not function without government patronage?

**Manisha Bhargava**

# Weatherald's brisk fifty ended by painful elbow blow



**London.** Australia test opener Jake Weatherald continues to be among the runs in England with his brisk 61 from 77 balls setting the early tempo for Leicestershire's first-innings 333 against Essex.

Weatherald started watchfully as Leicester were asked to bat first at Chelmsford on the opening day of their round seven county clash – the left-hander's last appearance before returning to Australia ahead of Tests against Bangladesh in August.

He took more than 10 overs to find his first boundary after losing opening partner Rishi Patel (9) but exploded to life with three consecutive fours off one-Test quick Sam Cook, the first two of which were pulled powerfully in front of square on the leg side.

Weatherald had fine support from fellow left-hander Sol Budinger (89), who made the initial running in their 125-run second wicket stand that came in just 22 overs as the pair

counterattacked on a lively surface.

Weatherald hit seven fours and a six in his fourth score of 50 or better for the Foxes, driving with authority off the front foot and peppering the midwicket fence off the back foot where he hoicked South African allrounder Wiaan Mulder's first delivery of the match over the rope.

After scoring a century against Glamorgan last month, Weatherald raised the bat again with a quick single to mid-off from his 61st ball faced.

Having been reprieved a ball earlier when Cook spilled a skied chance off spinner Simon Harmer at mid-off, Weatherald's luck ran out immediately as Mulder struck back with a painful blow – both physically and figuratively.

Beaten on his inside edge, the ball cannoned into Weatherald's elbow before ricocheting off his leg and onto the off stump.

The 31-year-old dropped his bat immediately in agony, forced to pick it up with his opposite hand as he made his way off the ground just before lunch, bowled for 61 to leave Leicestershire 2-142.

Weatherald was sent for a scan following his dismissal to determine his involvement in the rest of the match.

His wicket, and that of Budinger's after the break, proved a turning point as their side lost their ascendancy, Mulder leading an Essex fightback with 3-70 from 16 overs as Leicester were

bowled out with a handful of overs remaining on day one.

The hosts sent out Cook as a nightwatcher with three overs remaining in the day, but he didn't last long as former Victorian allrounder Ian Holland bowled him second ball.

Nightwatchman No.2 Jamie Porter fared better, lasting until stumps with Essex to resume at 1-10 on Saturday with all their recognised batters still intact.

# Manipur: CM reviews development works at National Sports University



**Imphal.** Manipur Chief Minister Yumnam Khemchand Singh today visited the National Sports University (NSU) at Koutruk in Imphal West district to review the progress of ongoing infrastructure development works at the institution.

During the visit, the Chief Minister praised Prime Minister Narendra Modi for establishing the National Sports University in Manipur, stating that the university was one of the Prime Minister's dream projects and the country's only national-level sports university.

The Chief Minister was received by NSU Vice-Chancellor Daljit Singh Chaudhary, IPS (Retd.), former Director General of the Border Security Force (BSF), along with senior university officials.

A review meeting was held at the university's academic building, where Assistant General Manager of the National Building Construction Corporation Limited (NBCC), Anirban Roy, briefed the Chief Minister on the status of the construction works being undertaken at the campus.

Officials informed the Chief Minister that the new campus would include 60 faculty residential units and a multi-purpose sports hall spread across the ground and first floors.

Addressing concerns raised by university authorities, Khemchand Singh assured that construction of the approach road to the university would begin next week. He also announced that around six borewells would be dug as a temporary measure to address water scarcity in the area.

The Chief Minister further assured that adequate security personnel would be deployed, if required, to ensure uninterrupted execution of the ongoing developmental works.

Speaking to media persons after the meeting, the Chief Minister said the university campus would have a total student intake capacity of around 1,300 and expressed hope that the project would be completed by the end of this year.

The meeting was attended by MLA of Sekmai Assembly Constituency Heikham Dingo Singh, MLA of Thanga Assembly Constituency Tongbram Robindro Singh, Deputy Commissioner of Imphal West Mayanglambam Rajkumar Singh, and other senior officials.

On his return from the university, the Chief Minister stopped at the Koutruk Community Hall, where he was felicitated by local residents. Interacting with the villagers, he assured them that their grievances would be looked into by the government.

# Manchester United reach agreement to appoint Carrick manager



**London.** Manchester United have reached an agreement with Michael Carrick to become the club's permanent head coach.

The formal process of exchanging contracts is now under way, with an announcement expected inside the next 48 hours.

As things stand there is some doubt over whether the formalities can be completed before Sunday's match against Nottingham Forest, but there is a will to have it done in time for the club's final home game of the season.

Carrick will sign an initial two-year deal with the option of an additional 12 months, according to BBC Sport. Carrick has overseen a vast improvement at Old Trafford since replacing Ruben Amorim, who was sacked in January, successfully leading the club to Champions League qualification. His impressive body of work since his interim appointment has put the 44-year-old in pole position to become the club's next permanent boss. United's executive leadership team, that includes chief executive officer Omar Berrada and director of football Jason Wilcox, has recommended to club owners Ineos that Carrick be handed the reins on a full-time basis - which has been passed by the hierarchy.

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर जिलाधिकारी ने दिया ईंधन संरक्षण का संदेश

# बाइक से कलेक्ट्रेट पहुंचे जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग को लेकर दिए गए संदेशों से प्रेरणा लेते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने शुक्रवार को सरकारी वाहन के स्थान पर बाइक से कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसामान्य को जागरूक करने का प्रयास किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती खपत को नियंत्रित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा नागरिकों से ईंधन बचाने का आह्वान किया गया है, जिसके क्रम में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि जहां तक संभव हो, सार्वजनिक परिवहन, कार शेयरिंग, साइकिल अथवा दोपहिया वाहनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं यातायात दबाव कम करने में भी सहायता मिलेगी।



कलेक्ट्रेट पहुंचने के उपरांत जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के साथ ईंधन संरक्षण को लेकर चर्चा करते हुए अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने, यात्रा योजनाओं के समन्वय तथा ईंधन की बचत संबंधी व्यवहारिक उपाय अपनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा प्रस्तुत ऐसे व्यवहारिक उदाहरण आमजन को सकारात्मक संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दौरान महात्मा गांधी सभागार में प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई जिलाधिकारी महोदय ने मीडिया के माध्यम से समझ जनपद वासियों से अपील की कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एवं माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री के आवाहन के अनुसार ईंधन का कम से कम उपयोग करें। बेवजह यात्रा करने से बचें। इस दौरान बड़ी संख्या में मीडिया बन्धुओं सहित विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके बाद जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित अन्य अधिकारियों के एवं मीडिया बन्धुओं के साथ कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन प्रांगण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन प्रांगण स्थित कैंटीन की स्वच्छता व्यवस्था सहित जांचीं और जिलाधिकारी महोदय व मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने खाना खाकर भोजन की शुद्धता परखी। उन्होंने कैंटीन संचालकों को निर्देशित किया कि स्वच्छता एवं शुद्धता में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बढ़ती जाएं।

## जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्यायें



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार ह्नजनता दर्शनह्व / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। जनता दर्शन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, एडीएम एल/ए अवनीश, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे।

## ट्रांस हिंडन में बिजली संकट से मिलेगी राहत, 40 किमी इंसुलेटेड लाइन बिछाने की तैयारी

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लाखों उपभोक्ताओं को जल्द ही आंधी-वर्षा के दौरान होने वाली बिजली कटौती और बार-बार आने वाले फाल्ट की समस्या से राहत मिलने जा रही है। विद्युत निगम ने क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से करीब 40 किलोमीटर इंसुलेटेड कंडक्टर लाइन बिछाने की तैयारी शुरू कर दी है। योजना लागू होने के बाद तेज हवाओं और बारिश के दौरान भी बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और निर्बाध रह सकेगी। अभी तक आंधी-तूफान के समय बिजली आपूर्ति बनाए रखना विद्युत निगम के लिए बड़ी चुनौती बना रहता है।

खुले तारों वाली सामान्य लाइनों में पेड़ों की शाखाएं टकराने, तार टूटने या शॉर्ट सर्किट होने से फाल्ट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे जान-माल के नुकसान का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे हालात में सुरक्षा के मद्देनजर कई बार अघोषित बिजली कटौती करनी पड़ती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है। विद्युत निगम ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए बिजनेस प्लान 2026-27 के अंतर्गत पहले चरण में 15 किलोमीटर लाइन बदलने का प्रस्ताव स्वीकृत कराया है। इस कार्य पर लगभग 60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत वसुंधरा, इंदिरापुरम, वैशाली और साइट-चार समेत ट्रांस हिंडन के प्रमुख क्षेत्रों में 11 केवी की सामान्य विद्युत लाइन को इंसुलेटेड कंडक्टर लाइन में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त योजना के दूसरे चरण में लगभग 25 किलोमीटर अतिरिक्त लाइन बदलने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिस पर करीब एक करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय तय किया गया है। अधिकारियों के अनुसार कार्य पूरा होने के बाद इन क्षेत्रों में फाल्ट और बिजली कटौती की स्थिति का आकलन किया जाएगा तथा परिणाम संतोषजनक मिलने पर अन्य इलाकों में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी।




# महापौर व नगर आयुक्त ने किया स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

## आधुनिक उपकरणों से स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की ओर बढ़ रहा है निगमः नगर आयुक्त

## कॉम्पैक्टर बीन के माध्यम से ज्यादा कचरा पहुंचेगा प्रोसेसिंग यूनिट,शहर के हर घर को मिलेगा लाभः महापौर








**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कचरा निस्तारण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर कार्यवाही की जा रही है सभी जोन में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन लगाए गए हैं कवि नगर जोन अंतर्गत गोविंदपुरम में, विजयनगर जोन अंतर्गत अकबरपुर बहरामपुर में, मोहन नगर जोन अंतर्गत राजेंद्र नगर में, वसुंधरा जोन अंतर्गत साहिबाबाद साइट 4 में आधुनिक उपकरणों के साथ कचरे के निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सिटी जोन अंतर्गत रेत मंडी हिंडन विहार में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ किया गया है, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार व स्वास्थ्य विभाग की अन्य टीम उपस्थित रही।

महापौर द्वारा शहर के कचरा निस्तारण हेतु लगाए गए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन पर सिटी जोन के निवासियों को शुभकामनाएं दी गई, बताया गया सिटी जोन से निकलने वाले कचरे को बड़ी मात्रा में कचरा प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचने में ट्रांसफर स्टेशन से सहयोग मिलेगा शहर की छोटी गलियों से लेकर मुख्य मार्ग से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करते हुए कंपैक्टर बीन के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाया जाएगा, 250 से अधिक कैपेसिटी का स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन की शुरूआत आज की गई है जो की शहर के निवासियों को समर्पित रहेगा। नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा स्वास्थ्य विभाग टीम को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही बताया गया सिटी जोन में ट्रांसफर स्टेशन नहीं था जिसको अत्य आधुनिक उपकरणों के साथ शुरू कराया गया है जिससे गीले कचरे और सूखे कचरे को बड़ी मात्रा में प्रतिदिन प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, 8 कैप्सूल के माध्यम से शहर के कचरे को प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाया जाएगा जिस शहर वासियों को सीधा लाभ मिलेगा सिटी जोन के सभी वार्डो से कचरा एकत्र होकर सीधा प्रोसेसिंग यूनिट पर पहुंचेगा, मौके पर उपस्थित नेचर ग्रीन के निदेशक शिवम गोयल को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा कार्य में निपुणता बनाए रखने के निर्देश दिए।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर के कचरा निस्तारण में विशेष कार्य किया जा रहा है आधुनिक उपकरणों के सहयोग से गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए प्रक्रिया में लिया जा रहा है, इस प्रकार की कार्यवाही स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दे रही है जिससे शहर को लाभ मिल रहा है मौके पर मंत्र उच्चारण के साथ लगी हुई मशीनों का शुभारंभ किया गया।

# लोनी नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने किया 2.90 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन

**टीबीसी संवाददाता**





**लोनी।** राष्ट्रीय लोकदल की लोनी नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 5 में लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों में पंचवटी कॉलोनी, राज नगर, न्यू रामप्रस्थ विहार और उत्तरांचल विहार क्षेत्रों की सड़कों और गलियों का निर्माण एवं सुधार कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर क्षेत्र के विकास के लिए धन्यवाद दिया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर रंजीता धामा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में जनता के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा जताया गया विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जो उन्हें दिन-रात लोगों के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारी लगातार मेहनत कर विकास कार्यों की योजना बनाते हैं और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का ही परिणाम है कि लोनी में मजबूत और सुंदर सड़कों तथा गलियों का निर्माण हो रहा है, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता भी बढ़ रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा बनाई गई गलियों को साफ और स्वच्छ बनाए रखने में सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कूड़ा-कचरा नगरपालिका की कूड़ा गाड़ी में ही डालने की अपील की, ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

कार्यक्रम के अंत में नगरपालिका अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। क्षेत्रवासियों ने भी उनके प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र, पूजा पार्चा, सुमित पार्चा, बिट्टू, राजू, चौधरी जयवीर, राजकुमार, चरण सिंह, यशपाल चौधरी, टिल्लू प्रधान, राजपाल राठी, संजीव टिकैत सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन अनावश्यक यात्रा से बचें, घर बैठे प्राप्त करें विभागीय सेवाएंः अंशुल चौहान

**मनीषा भार्गव**



**गाजियाबाद।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान, जनपद गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों एवं ईंधन बचत को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देशवासियों से कम से कम अनावश्यक यात्रा करने की अपील की गई है। इसी क्रम जनपद के समस्त दिव्यांगजन भाई-बहनों से अनुरोध किया जाता है कि वे सामान्य जानकारी एवं छोटी-छोटी समस्याओं हेतु कार्यालय आने से बचें तथा घर बैठे ही विभागीय सहायता प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि विभाग में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दिव्यांगजन दिव्यांग पेंशन, पेंशन की स्थिति जानने, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाणपत्र, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माण/दुकान संचालन ऋण योजना, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना, विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, शादी-विवाह अनुदान, स्वरोजगार योजनाएं, छात्रवृत्ति, बस यात्रा पास, आवास संबंधी योजनाएं एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन हेतु कार्यालय आते हैं। इन सभी विषयों पर अब अधिक से अधिक सहायता दूरभाष एवं व्हाट्सएप माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु विभाग द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन सेवा संचालित की जा रही है। दिव्यांगजन अपनी समस्या, आवेदन संबंधी जानकारी, योजना संबंधी प्रश्न अथवा आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 8791491011 पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय सहायता हेतु दूरभाष नंबर 8189038730 उपलब्ध है, जिस पर दिव्यांगजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों की जानकारी तथा योजना संबंधी मार्गदर्शन हेतु कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग का उद्देश्य है कि दिव्यांगजन घर बैठे सुरक्षित एवं सरल माध्यम से विभागीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करें। अनावश्यक यात्रा कम करने से समय एवं ईंधन दोनों की बचत होगी तथा यह देशहित में एक सकारात्मक योगदान भी होगा। साथ ही दिव्यांगजनों को भी अनावश्यक परेशानी एवं आवागमन से राहत मिलेगी। अतः सभी दिव्यांगजन भाई-बहनों से अनुरोध है कि अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही कार्यालय आएं तथा अधिक से अधिक हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

# निगम का पोर्टल हुआ अपडेट, ऑनलाइन के साथ-साथ जोनों में जमा हो रहा है हाउस टैक्स

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हाउस टैक्स में करदाताओं को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 20% की छूट के अलावा 10% की छूट कूड़ा पृथक्करण के लिए दी गई, 2% की छूट ऑनलाइन भुगतान करने पर दी गई है जिसमें 10 वर्ष से पुराने भवनों को 25% की छूट, 10 से 20 वर्ष पुराने भवनों को 32.5% छूट, 20 वर्ष से पुराने भवनों को 40% की छूट भी अभिलेख के साथ दी जाएगी जिसको पोर्टल पर भी अपडेट किया जा चुका है, 12% का लगने वाला ब्याज तीन माह तक नहीं लगेगा निर्धारित छूट का लाभ उठाने के लिए करदाताओं से हाउस टैक्स जमा करने के लिए भी अपील की जा रही है ' आवासीय और अनवासीय भवनों पर नियम अनुसार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा छूट दी गई है जिसका लाभ उठाते हुए करदाता गाजियाबाद नगर निगम के जोनल कार्यालय में जाकर तथा ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार सभी जोन अंतर्गत करदाताओं को छूट की संपूर्ण जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया है।



निगम अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षद भी अपने-अपने जोन में हाउस टैक्स में मिल रही छूट के बारे में जन-जन को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं, जिसके क्रम में हाउस टैक्स में हुए बड़े बदलाव की सही जानकारी करदाताओं को दी जाए पोर्टल पर अपडेट की जानकारी भी करदाताओं को दी जाए जोनल प्रभारी व टीम को निर्देश दिए गए हैं।

तिरुपति बालाजी क्रोनिकल
TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

# विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही पर सख्त हुई विधान परिषद् समिति

## सभापति श्रीमती वन्दना वर्मा ने दिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश





**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विधायी समाधिकार समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सभापति वन्दना वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हापुड़, गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद जनपदों में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। विकास भवन परिसर में आगमन पर सभापति श्रीमती वन्दना वर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद आयोजित बैठक में अधिकारियों द्वारा समिति सदस्यों का पुष्पगुच्छ, पौधा, प्रतीक चिन्ह एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, श्री दिनेश कुमार गोयल, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी सहित समिति से जुड़े अधिकारी एवं प्रशासनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति ने तीनों जनपदों के जिलास्तरीय अधिकारियों से विभिन्न विभागीय समितियों में विधान परिषद् सदस्यों की नामांकन स्थिति, उनकी सहभागिता तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों के निस्तारण की जानकारी ली। गृह विभाग से जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई सुरक्षा व्यवस्था का भी विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति ने ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, पंचायती राज, जिला पंचायत, पर्यटन, ऊर्जा, नियोजन, गृह, गन्ना, उद्यान, महिला कल्याण, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा तथा नगर निगम समेत अनेक विभागों द्वारा वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान विधायक एवं विधान परिषद् सदस्य निधि के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों, उनकी स्वीकृति, प्रगति तथा क्रियान्वयन की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सभापति श्रीमती वन्दना वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की पूरी जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधि के सहयोग या उपस्थिति की आवश्यकता हो तो उनसे समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्वीकृत विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। साथ ही कार्यों की प्रगति की जानकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में जवाबदेही बनी रहे। सभापति ने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रमों और लाभार्थी वितरण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा योजनाओं से जुड़े शिलापट्टों पर उनके नाम अंकित कराए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं के प्रति जागरूक हो सकें। बैठक के दौरान विकास कार्यों की गति बढ़ाने, विभागवार निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अनुपालन रिपोर्ट समिति को उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। सभापति ने बैठक को सफल बताते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी संतोषजनक रही और भविष्य में भी पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने समिति को आश्वस्त किया कि सभापति एवं समिति द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पूर्ण पालन किया जाएगा तथा समयबद्ध अनुपालन आख्या समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बैठक को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए समिति सदस्यों एवं अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। बैठक में हापुड़, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे तथा जनपदों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# दिल्ली में सजी 'कृष्णावतरम भाग 1 - हृदय हृदयम' की दिव्य संध्या, दर्शकों से मिल रहा अपार प्रेम

**प्रतीक भार्गव**




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में हिंदी फिल्म कृष्णावतरम भाग 1 - हृदय हृदयम का एक भव्य स्पेशल स्क्रीनिंग शो आयोजित किया गया, जहां राजनीति, प्रशासन, कला और समाज जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने फिल्म का आनंद लिया। पूरा माहौल श्री कृष्ण भक्ति और भारतीय संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम में प्रवेश करते ही 'राधे-राधे' और 'जय श्री कृष्णा' के मधुर भजन वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहे थे। पूरे ऑडिटोरियम को कनेर के सुंदर फूलों से सजाया गया था, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो दर्शक किसी दिव्य उत्सव का हिस्सा बन गए हों। फिल्म के कई भावुक और भक्ति से भरे दृश्यों पर दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

फिल्म में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभा रहे देहरादून के रहने वाले सिद्धार्थ गुप्ता ने अपने प्रभावशाली अभिनय से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं सत्यभामा के किरदार में संस्कृती जयना बेहद आकर्षक और प्रभावशाली नजर आईं। फिल्म के निमार्ता सज्जन राज कुरुप ने सभी मेहमानों और मीडिया से मुलाकात कर फिल्म के निर्माण के पीछे की भावना साझा की।

मीडिया से बातचीत करते हुए सज्जन राज कुरुप ने कहा कि कृष्णावतरम भाग 1 - हृदय हृदयम को देशभर से भरपूर प्यार मिल रहा है और फिल्म अब सफलतापूर्वक दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

ने फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की और इसे उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री घोषित किया, जो पूरी टीम के लिए गर्व और आशीर्वाद जैसा है।

उन्होंने आगे बताया कि देश के कई बड़े संतों और महामंडलेश्वरों ने फिल्म के ट्रेलर को देखकर अपना आशीर्वाद दिया है, जिनमें श्री प्रेमानंद महाराज, श्री कैलाशानंद गिरि महाराज, श्री बालकानंद गिरि महाराज और श्री श्री रवि शंकर जैसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु शामिल हैं। सज्जन राज कुरुप ने यह भी बताया कि श्री प्रेमानंद महाराज ने फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद 1100 रुपये देकर पूरी टीम को अपना विशेष आशीर्वाद प्रदान किया, जिसे फिल्म की सफलता का शुभ संकेत माना जा रहा है।

सज्जन राज कुरुप ने कहा, 'भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं अपरंपार हैं। यह फिल्म केवल एक सिनेमा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और भावनाओं का उत्सव है। दर्शकों और संत समाज से मिल रहा प्यार हमारे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है।'

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि फिल्म के दूसरे भाग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और जल्द ही कृष्णावतरम भाग 1 - हृदय हृदयम की शूटिंग प्रारंभ की जाएगी। इस घोषणा के बाद दर्शकों और कृष्ण भक्तों के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

दिल्ली में आयोजित यह विशेष संध्या भक्ति, संस्कृति और सिनेमा का ऐसा संगम बनी जिसने हर उपस्थित व्यक्ति को भावुक और आनंदित कर दिया। कृष्णावतरम भाग 1 - हृदय हृदयम लगातार दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही है और हर वर्ग के लोग इस फिल्म को अपने परिवार के साथ देखने पहुंच रहे हैं।

# बॉडी बनाने के नाम पर जिम संचालक का खेल, स्टेरॉयड और इंजेक्शन से युवक की सेहत बिगड़ी



**टीबीसी संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में बॉडी बनाने और फिटनेस सुधारने के नाम पर युवक को कथित रूप से हानिकारक स्टेरॉयड और इंजेक्शन देने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि जिम संचालक ने युवक को आकर्षक शरीर बनाने का लालच देकर प्रतिबंधित एवं नुकसानदायक दवाइयां दीं, जिसके दुष्प्रभाव से उसकी सेहत बिगड़ गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।न्याय खंड-तीन निवासी कमल कांत त्यागी उर्फ विक्की त्यागी ने बताया कि वह नियमित रूप से एएसआर जिम में व्यायाम करने जाते थे। 24 नवंबर 2023 को जिम संचालक गुलजार खान ने उन्हें अपना फिटनेस प्रमाणपत्र दिखाया, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने बेहतर बॉडी बनाने की इच्छा जाहिर की। आरोप है कि इसके बाद जिम संचालक ने उन्हें बिना चिकित्सकीय परामर्श के स्टेरॉयड की गोलियां खिलानी शुरू कर दीं और शरीर में इंजेक्शन भी लगाए। पीड़ित का कहना है कि जिम संचालक ने इन दवाओं को अत्यंत प्रभावी बताते हुए महंगे इलाज का हवाला दिया और उनसे कुल 80 हजार रुपये वसूल लिए।इसमें से 42 हजार रुपये उन्होंने यूपीआई माध्यम से भुगतान किए, जबकि 38 हजार रुपये नकद दिए गए। कुछ समय बाद युवक को शरीर में असामान्य दर्द और कमजोरी महसूस होने लगी, जिसके बाद उन्होंने चिकित्सक से परामर्श लिया। चिकित्सकीय जांच में सामने आया कि लगातार दी गई दवाओं और इंजेक्शनों के दुष्प्रभाव से उनके कूल्हे के हिस्से में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि बिना विशेषज्ञ की सलाह के लिए गए स्टेरॉयड शरीर के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालते हैं।

स्वास्थ्य बिगडने के बाद पीड़ित ने जिम संचालक के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवक द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह घटना फिटनेस के प्रति बढ़ते आकर्षण के बीच एक गंभीर चेतावनी भी मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कई जिमों में बिना चिकित्सकीय अनुमति के स्टेरॉयड या सप्लीमेंट दिए जाते हैं, जो युवाओं के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को किसी भी प्रकार की दवा या इंजेक्शन लेने से पहले योग्य चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लबों के साथ मिलकर
# टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण सहायता वितरित किया

प्रतीक भार्गव

**नोएडा।** समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आरएचएएम फाउंडेशन एवं 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से नोएडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के ऑफिस में में 25 टीबी (क्षय रोग) मरीजों को नि:शुल्क पोषण सामग्री वितरित की गई। यह सेवा कार्यक्रम आईआरसीटीसी के सहयोग एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया, जिससे उपचार अवधि में उन्हें आवश्यक पोषण सहायता मिल सके। यह पहल एक सतत साप्ताहिक एवं मासिक सेवा परियोजना का हिस्सा है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित रूप से पोषण सहायता प्रदान की जा चुकी है।

इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनराइज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी उन्मूलन अभियान को सशक्त बनाना तथा मरीजों को उपचार के दौरान उचित पोषण, देखभाल और मानसिक सहयोग प्रदान करना है। इस प्रकार के सेवा प्रयास न केवल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायक हैं, बल्कि समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।














इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राघवेंद्र सिंह, आरएचएएम फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. धीरज भार्गव, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव सारस्वत, डॉ. प्रीति नंदी सहित डीटीओ कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरणादायी संदेश देते हुए समाज को स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा के लिए प्रेरित किया।

# भंगेल सीएचसी, नोएडा में टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण आहार वितरित

मनीषा भार्गव

**नोएडा।** रहम फाउंडेशन द्वारा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नोएडा में 25 टीबी (क्षय रोग) मरीजों के लिए नि:शुल्क पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी से पीड़ित मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना रहा।

इस सेवा प्रकल्प का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह सेवा कार्य टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मासिक और साप्ताहिक सेवा प्रकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।









इस सतत प्रयास का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान उचित पोषण और सहयोग प्रदान करना तथा देश को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय योगदान देना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने समाज सेवा के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लबों के साथ मिलकर न्यूरोडाइवर्जेंट बच्चों के लिए पोषण सहायता वितरण अभियान का किया शुभारंभ

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**दिल्ली।** समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत आरएचएएम फाउंडेशन तथा डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन की संयुक्त पहल के तहत न्यूरोडाइवर्जेंट बच्चों के लिए 'पोषण सहायता वितरण' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा अभियान प्रत्येक माह के दूसरे शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा समग्र विकास को सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम का आयोजन सी-509, योजना विहार, दिल्ली-110092 में प्रातः 11 बजे किया जाएगा।

इस संयुक्त परियोजना में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के अंतर्गत विभिन्न रोटरी क्लब सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। इनमें रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट प्रमुख हैं।

यह कार्यक्रम आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग तथा सीएसआर सहयोगी ईएमयू लाइन्स प्राइवेट लिमिटेड के समर्थन से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट सलाहकार के रूप में डॉ. प्रीति नंदी (डायरेक्टर, सृष्टि) तथा रोटेरियन प्रतीक भार्गव (चेयर, डिस्ट्रिक्ट टीबी ट्रीटमेंट्स प्रिवेंशन) मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

इस सेवा अभियान के प्रमुख संयोजकों में रोटेरियन डॉ. धीरज कुमार भार्गव (फाउंडर एवं चेयर, आरएचएएम फाउंडेशन), रोटेरियन दयानंद शर्मा (सचिव, आरएचएएम फाउंडेशन) तथा रोटेरियन मनीषा भार्गव (चेयर, डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन) शामिल हैं।

आयोजकों ने बताया कि यह पहल केवल पोषण सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में न्यूरोडाइवर्जेंट बच्चों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान से मीडिया सहयोगी के रूप में तिरुपति बालाजी क्रॉनिकल भी जुड़ा हुआ है।








# आरएचएएम फाउंडेशन ने शनि अमावस्या पर गौवंशों को खिलाया चारा

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** शनि अमावस्या के पावन अवसर पर आरएचएएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में गौसेवा को समर्पित हरा चारा वितरण का 38वाँ सेवा प्रकल्प सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौमाता एवं बैलों के संरक्षण, पोषण और सेवा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर गौशाला में गौवंश के लिए हरे चारे का वितरण किया गया, जिससे पशुओं के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस पहल के माध्यम से समाज में दया, सेवा, सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। इस सेवा प्रकल्प में कई रोटरी क्लबों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में कई गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा गर्ग, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष रोटेरियन संदीप अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के भावी अध्यक्ष रोटेरियन प्रतीक भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष राजेश गोयल एवं अजय चौधरी, आरएचएएम फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव तथा आरएचएएम फाउंडेशन के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. धीरज भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाज सेवा और गौसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा प्रकल्पों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।







# आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब जिंदल नगर के साथ मिलकर जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज में सेनेटरी पैड व स्कूली बैग वितरित किए

डॉ धीरज कुमार भार्गव

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 11 मई को जिंदल नगर स्थित जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज में छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड और स्कूली बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब जिंदल नगर ने भी सहयोग करते हुए सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना बेहद आवश्यक है, ताकि संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके। छात्राओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग और समय-समय पर उसे बदलने की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया गया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में छात्राओं को स्कूली बैग भी वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि कई छात्राएं आर्थिक कारणों से पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधनों से वंचित रह जाती हैं। ऐसे में स्कूली बैग वितरण का उद्देश्य छात्राओं को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी शिक्षा को मजबूत आधार देना है।बैग मिलने से छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला।








कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किशोरियों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ उनकी शिक्षा को भी बढ़ावा देते हैं।इस अभियान में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने नेतृत्व करते हुए अन्य क्लबों– रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम की भी सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड और स्कूली बैग वितरित किए गए तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग और शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

# गौसेवा के लिए हरे चारे का 37वाँ सेवा प्रकल्प संपन्न

मनीषा भार्गव

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से हरा चारा वितरण का 37वाँ सेवा प्रकल्प सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।इस सेवा कार्य में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन ने नेतृत्व करते हुए अन्य रोटरी क्लबों के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम की सक्रिय सहभागिता रही।

यह सेवा प्रकल्प गौमाता एवं बैलों के संरक्षण और कल्याण के उद्देश्य से समाज के सहयोग से आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत गौशाला में हरे चारे का वितरण किया गया, जिससे गौवंश को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके।






इस अवसर पर अजय चौधरी, रवि भटनागर, मनीषा भार्गव, दयानंद शर्मा, डॉ. धीरज कुमार भार्गव तथा रोटेरियन प्रतीक भार्गव (भावी अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया।

साथ ही सभी पदाधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.